THE ESSENTIAL COMMODITIES (AMENDMENT) BILL, 2003

THE MINISTER OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI SHARAD YADAV) : Madam, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Essential Commodities Act, 1955.

The Question was put and the motion was adopted.

SHRI SHARAD YADAV : Madam, I introduce the Bill.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now. Mr. N.K. Premachandran; you wanted to say something.

MATTERS RAISED WITH THE PERMISSION OF CHAIR

Police atrocities against Adivasi/Tribal People at Muthanya, Kerala

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (Kerala): Madam, I would like to raise a very serious matter regarding the Police atrocities on Adivasi/Tribal people at Muthanya in Wayanad District of Kerala.

Madam, on 19.02.2003. the Police opened firing on Adivasi/Tribal people as a .result of which one Adivas! was killed and hundreds injured, and 130 tribal people including women and children are reported missing.

Madam, the National Commission on Scheduled Castes and Scheduled Tribes has visited the place and have conducted an inquiry, and recommended that a Magisterial inquiry be conducted by the State Government. But, it is quite unfortunate to note that the State Government has so far not ordered for any judicial inquiry, or, a magisterial inquiry. Madam, a strong agitation is going on throughout the Kerala State. Four MLAs are on. indefinite hunger strike for the last six days but so far no action has been taken by the Government of Kerala. I have raised the matter in the House on 21.02.2003, but no response has come from the Government of India, especially, from the Ministry of Tribal Affairs.

Madam Deputy Chairperson, yesterday, the hon. Minister for Tribal Affairs has said at a Press Conference that he is personally visiting the spot to have a first-hand report on this aspect. So, since the State Government is hesitating to conduct a judicial inquiry, we still demand for a judicial inquiry. I urge upon the Government of India to prevail upon the State Government of Kerala to order a judicial probe into the whole matter, and I also urge upon the Government, through this House, to have a Joint Parliamentary investigation on this matter so as to bring all the true facts before the public. This is a matter, which has been getting importance in the international media also because one Adivasi has been killed, and others have been injured. So many Adivasi people are not in their place; they are reported to be missing. Since the matter is very urgent and international attention has already been drawn, such importance has to be given to this matter. I would like to have a response from the Government of India in this matter considering it Adivasi matter or tribal issue....*(Interruptions)...*

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal) : The Government should give a response to the House. It is a very serious matter. *...(Interruptions)...*

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) **:** भारत सरकार क्या कर रही है, सरकार इसके बारे में बताए। **...** (**व्यवधान**) **...**

THE DEPUTY CHAIRMAN: The Minister of Parliamentary Affairs wants to say something. Let us find out. He is saying something.

THE MINISTER OF STATE'IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI O. RAJAGOPAL) : Madam, for the first time, after Independence, in Police firing, Adivasi people have been killed in Kerala. The matter has been raised by hon. Members. This has been brought to the notice of the hon. Minister for Tribal Affairs. He told us that he has already decided to visit Kerala to enquire into the very same issue.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Okay.

श्री रूमान्डला रामचन्द्रय्या (आन्ध्र प्रदेश) **:** उपसभापति महोदया **....**

उपसभापति : अभी नहीं, आपको इजाजत नहीं दी है।

श्री रूमान्डला रामचन्द्रय्या : महोदया, हम आपकी इजाजत मांग रहे हैं। आपकी अनुमति मांग रहे हैं।

उपसभापति : हम अभी आपको दे नहीं रहे हैं। ... (**व्यवधान**) ... अभी हम आपको इजाज़त नहीं दे रहे हैं। एक मिनट ठहरिए। अभी इजाज़त नहीं दी है।

Plight of Sugarcane growers of Uttar Pradesh

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (हरियाणा) **:** महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता था और मैंने आपसे एक अनुरोध किया था। महोदया, इस मुल्क का गन्ना किसान आज तबाही के कगार पर है। हालात ये हैं कि एक करोड़ गन्ना किसान उत्तर प्रदेश में है, सौ से ज्यादा चीनी मिलें हैं जिनमें 52 निजी चीनी मिलें है और एक भी निजी चीनी मिल भारत सरकार द्वारा घोषित मूल्य या प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मूल्य नहीं दे पा रही है। किसान बरबादी के कगार पर खड़ा है। पिछले एक महीने से प्रत्येक जिले में किसान आंदोलनरत है और आंदोलन के बाद किसानों पर फर्जी मुकदमे बनाए जा रहे हैं, उनका उत्पीड़न किया जा रहा है और त्राहि-त्राहि मची है, चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। यही नहीं,सवैधानिक संकट भी प्रदेश में खड़ा हो गया है।

महोदया, मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि सन् 1997 में ऐसे ही हालात हुए थे और माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में एक रिट याचिका फाइल हुई थी, उसके बाद ...

उपसभापति : ठीक है।

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक : महोदया, एक मिनट में बता रहा हूं। उसके बाद 1 फरवरी, 1999 को उच्च न्यायालय, इलाहाबाद का एक निर्णय बी.एम.सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार का आया जिसमें कहा गया था कि प्रदेश के किसानों को ये चीनी मिलें समान मूल्य भुगतान करेंगी पंरतु उसकी अवेहलना हुई। उसके बाद माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 31 जनवरी,2001 को फिर एक आदेश जारी किया कि प्रदेश सरकार को जो माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद ने आदेश जारी किया है बी.एम.सिंह साहब की याचिका पर,वह लागू रहेगा। उसके पश्चात 28 फरवरी, 2002 को ऑनरेबल सुप्रीम कोर्ट ने इसकी अवमानना का नोटिस जारी किया है, प्रदेश सरकार को,चीनी मिल मालिकों को और शासन को परंतु उसके बाद भी गन्ना उत्पादकों को समान मूल्य नहीं मिल पा रहा है। महोदया,सवैंधानिक संकट इसलिए पैदा हो गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 में यह साफ-साफ उल्लेख किया गया है कि ....

उपसभापति : देखिए, अभी इतना लंबा भाषण करने की इजाज़त चेयरमैन साहब ने नहीं दी है। सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा है, उसे कहने की क्या ज़रूरत है अभी?

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक : मैं केवल यह कह रहा हूं कि संविधान के अनुच्छेद 142 में जो